Patrika (Indore), 18th December 2025, Page- 02

मालवा केमिकल कॉन्क्लेव- 2025

# औद्योगिक चुनौतियों को समाधान देगा आइआइटी



पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com

इंदौर. आइआइटी इंदौर में आयोजित 'मालवा केमिकल कॉन्क्लेव-2025' का समापन सोमवार को हुआ। 13 दिसंबर से शुरू हुए इस आयोजन ने मालवा क्षेत्र में केमिकल इंजीनियरिंग और इससे जुड़े औद्योगिक क्षेत्रों को नई दिशा देने का काम किया। कॉन्क्लेव का उद्देश्य शिक्षा, उद्योग और नीति क्षेत्र के विशेषज्ञों को एक मंच पर लाकर क्षेत्रीय औद्योगिक चुनौतियों के व्यावहारिक और तकनीकी समाधान तलाशना रहा।

आइआइटी इंदौर के केमिकल इंजीनियरिंग विभाग द्वारा भारतीय मानक ब्यूरो (बीआइएस) के स्टूडेंट चैप्टर के सहयोग से आयोजित इस कॉन्क्लेव में उद्योग जगत की मौजूदा चुनौतियों, नए अवसरों और विकसित भारत के लक्ष्य को लेकर तकनीक, नवाचार और मानकों की भूमिका पर विस्तार से चर्चा की गई। कॉन्क्लेव के माध्यम से एक दीर्घकालिक सहयोग की नींव रखी गई है, जिससे आइआइटी इंदौर में होने वाला शोध सीधे तौर पर मालवा क्षेत्र की औद्योगिक आवश्यकताओं से जुड़ सके।

## देशभर के उद्योग विशेषज्ञों ने रखे विचार

कार्यक्रम में उद्योग और नीति क्षेत्र से जुड़े कई प्रमुख विशेषज्ञ शामिल हुए। इनमें सेफफ्लेक्स इंटरनेशनल लिमिटेड के वाइस प्रेसिडेंट मेघदीप अग्रवाल, जयदीप इस्पात (मोइरा सरिया एंड पाइप) के जनरल मैनेजर कपिल जाट, फेंटन केमिकल्स के डायरेक्टर अर्पित जैन, भारतीय मानक ब्यूरो की डिप्टी डायरेक्टर शुभांजलि उमराव प्रमुख रूप से शामिल रहे। आइआइटी इंदौर के निदेशक प्रो. सुहास जोशी ने कहा शिक्षा, उद्योग और नीति के बीच मजबूत साझेदारी से ही आत्मनिर्भर और तकनीकी रूप से सशक्त भारत का लक्ष्य हासिल किया जा सकता है।